### लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोक कल्याण न्यास ने निकाली विशाल शोभायात्रा

# गूंजे श्री राम के नारे, भक्ति और भगवा के रंग में रंगा सिरोंज

*5 हजार से अधिक दीपों से आज शाम कैथन नदी पर किया जाएगा दीपदान*

**शोभायात्रा के समापन पर कारसेवकों का किया सम्मान, एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा अयोध्या का लाइव प्रसारण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्रभु श्री रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर रविवार को स्व. श्री लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोककल्याण न्यास द्वारा प्रभु श्रीराम की विशाल शोभायात्रा नगर में निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ रामलला पथ स्थित रामलला मंदिर में पूजा अर्चना कर शुरू हुआ। तत्पश्चात शोभयात्रा नगर के कष्टम पथ, कठाली बाजार, सराफा बाजार,कपड़ा बाजार,चांदनी चौक,राज बाजार,कोट गेट,नगर पालिका से होती हुई सुभाषनगर हाजीपुर में जाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह नगर के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प बरसाकर एवं भगवा पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

### रामभक्तों में देखा गया भारी उत्साह

इस शोभायात्रा में सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र के लोग सुबह से ही यात्रा स्थल पर एकत्रित होने लगे थे। वे अपने हाथों में केशरिया ध्वज थामे हुए जय श्री राम के नारे लगाते हुए आगे चल रहे थे। श्री राम की पवित्र नगरी अयोध्या में हो रही प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का लोगों को कई बर्षो से इंतजार था, इसलिए इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के सभी रामभक्त इस शोभयात्रा में काफी उत्साहित दिखाई दे रहे थे।





### नगर में दिखी अवध की झलक, भगवामय नजर आया सिरोंज

इस शोभायात्रा से पूर्व नगर के सभी सामाजिक, राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों ने यात्रा के स्वागत हेतु पिछले कई दिनों से तैयारियाँ शुरू कर दी थी। सम्पूर्ण बाजार को भगवा ध्वज,तोरण द्वार एवं वंधनवारों से सजाया गया। नगर में श्री राम की पवित्र नगरी अयोध्या जैसी झलक दिखाई दे रही थी। हर व्यक्ति पलक पांवड़े बिछाकर शोभायात्रा का दर्शन करने के लिए उत्साहित नजर आ रहा था। इस अवसर पर हजारो की संख्या में सम्मिलित रामभक्त,माता बहिने,अपने अपने हाथो में भगवा ध्वज लेकर गले में भगवा पटका बांधे हुए जय श्री राम, जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे इन्हे देख कर ऐसा लगा रहा था जैसे पूरा सिरोंज भगवामय भक्तिमय हो गया है।

### महान कारसेवक स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में सबसे आगे प्रभु श्री राम के तेजस्वी रूप के चित्र वाली झांकी एवं भगवान श्री कृष्ण की झांकी के साथ- साथ झांकियो पर भगवान स्वरूप में किया जाने वाला नृत्य भी मन को मोहन वाला लग रहा था । अयोध्या करती है आव्हान, जो राम को लाऐ हैं एवं ठुमक चलत रामचंद्र गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति ने लोगों का मनमोह लिया था। इस दौरान शोभायात्रा में साथ चल रही महान कारसेवक एवं जननायक स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की झांकी रही जो कि आकर्षण का केन्द्र रही उनके चाहने वाले एवं प्रेमियों ने जैसे ही उनके मनमोहक मुस्कान भरे चित्र को देखा तो लोग भावुक हो गऐ। शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक अलग-अलग ग्रामो से आई भजन, कीर्तन मंडलिंया शोभायात्रा की शोभा बडा रही थी। जिनमें भजन कीर्तनो में अलग -अलग क्षेत्र की सांस्कृतिक झलक इन कीर्तनो को और भी अधिक विशेष बना रही थी।



### 1992 के कारसेवकों का किया सम्मान

इस अवसर पर यात्रा के समापन स्थल सुभाषनगर बजरिया में स्व. श्री लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति लोककल्याण न्यास के सदस्यों द्वारा 6 दिसम्बर 1992 के कारसेवकों के रूप में अपना अमूल्य योगदान देने वाले लगभग दो दर्जन कारसेवकों का न्यास के सदस्य एवं क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने पुष्पमाला एवं केशरिया पटका उड़ाकर स्वागत किया।

### *आज कैथन नदी पर होगा दीपदान*

*आज का दिन भूतो न भविष्यति वाला दिन है आज का दिन सनातन के अराध्य भगवान श्री राम अयोध्या जन्म भूमि पर प्रतिष्ठित होने जा रहे पूरा नगर सहित अंचलीय क्षेत्र भगवामय हो गयें वही आज शाम के समय नगर की एक मात्र कैथन नदी पर 5000 से अधिक दीपो से दान किया जायेंगा। वही अनेक मंदिरो व देवस्थानो पर भी भजन,कीर्तन,सुंदरकांड जैसे आयोजन मंदिर समितियो के द्वारा किया जायेंगें। वही नगर के प्रमुख स्थानो पर अयोध्या के प्रसारण को लाईव दिखाने को लिये एलईडी भी लगाई जायेंगी।*



## खबर संक्षेप

### मदनयाई में शोभायात्रा निकाली गई



**त्योंदा।** रविवार को ग्राम मदनयाई में बडे ही धूम धाम से भगवान श्री राम की शोभा यात्रा निकाली गई। जो ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर निकली। इस अवसर पर अनेक ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद थे।

### भजन संध्या का आयोजन 25 को

**गंजबासौदा।** एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या का आयोजन 25 जनवरी को स्टेशन रोड पर लाल बिल्डिंग के पास शाम 6:30 बजे से किया जाएगा। भजन संध्या में ग्वालियर की भजन कलाकार भावना भदोरिया भजनों की प्रस्तुति देंगी। आयोजक अनिल गोयल के अनुसार यह कार्यक्रम खाटू वाले श्याम की भक्ति भावनाओं को लेकर किया गया है। यह पूरा कार्यक्रम उनको ही समर्पित किया जाएगा।

### गिरीराज माथुर का निधन



**गंजबासौदा।** स्वर्गीय बाबू माथुर के पुत्र एवं सत्यकुमार माथुर, अश्विनी माथुर के छोटे भाई गिरीराज माथुर का स्वर्गवास हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास गणेशपुरा से पाराशरी विश्राम घाट के लिए सुबह 11 बजे निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भोर में गूंज रही रामधुन, आटो यूनियन ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में भी उत्सव का माहौल है और पूरा नगर भगवा रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है। मकानों दुकानों पर रोशनी जगमगा रही है, तो दरवाजों पर तोरण द्वार लगे नजर आ रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही पूरा नगर गली-गली मोहल्ले-मोहल्ले भगवा झंडों से पट गए हैं,तो वहीं मंदिरों में भी साफ सफाई कर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर सजावट की गई है। उधर जगह जगह प्रभात फेरी निकाल कर कोहरे की भोर में गाजे बाजे के साथ रामधुन का संकीर्तन करते हुए मंडलियाँ दिखाई दे रही हैं। नगर के ऑटो चालकों ने भी राम की तस्वीर को ऑटो में बिठाकर शोभायात्रा निकाली। नजर ऐसा था कि रामलला ऑटो की सवारी कर रहे हों। मंदिरों से लेकर गली मोहल्ले में तक राम नाम की गूंज सुनाई दे रही है। धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन एवं राजनीतिक संगठन अन्य कोई संगठन सब अपने अपने अपने स्तर पर उत्सव की खुशियां मनाने की तैयारी कर रहे हैं। झंडे, पटाखों के व्यापारियों की जमकर चांदी हो गई, जो स्टाक





दिवाली पर नहीं बिक पाया था, वह रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के पहले ही हाथों हाथ मन चाहे रेटों में बिक गया। नगर में विभिन्न स्थानों पर नगर के कई संगठनों ने प्रसादी वितरण का आयोजन रखा है। प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर में विभिन्न शोभा यात्रा भी निकल जाएगी। रविवार को बड़े ऑटो यूनियन ने भगवान रामलीला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव और उल्लास में शामिल होते हुए नगर में रामलला के चित्र को ऑटो में बैठाकर उनकी नगर में शोभा यात्रा निकाली। नर्मदापुरम से उज्जैन के लिए निकली गाय के गोबर से बने हुए दीपक की राम दीप ज्योति रथ यात्रा के जरिए शहर में जगह-जगह दिए निशुल्क वितरित किए गए। गाय के गोबर से बने इन दीपकों को राम प्राण प्रतिष्ठा के दिन देहरी पर जलाने का आग्रह लोगों से किया गया। नगर में दीपक का वितरण कर रहे श्रम साधना चेरिटेविल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर और यात्रा के संयोजक मुकेश मराठा ने कहा कि उज्जैन तक 1 लाख दीपक का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। सोमवार को अयोध्या में जब भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी तब उज्जैन का रामघाट गाय के गोबर से बने दीपों से जगमगाएगा। दीपक के बदले नागरिकों ने जो सहयोग दिया है उस राशि से गायों को रामघाट पर ही हरे चारे का भंडारा कराया जाएगा। अभी तक 75000 गोबर के दीपक वितरित किए जा चुके हैं। उज्जैन तक जो दीपक बचे रहेंगे उनको रामघाट पर प्रज्वलित किया जाएगा।

### विहिप ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

त्योंदा। राम जन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में त्योंदा में श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई। ज्ञात हो कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल त्योंदा प्रखंड ने ग्राम त्योंदा के शासकीय अस्पताल से रसूलपुर तक भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर भक्ति गीत बज रहे थे वहीं अखाड़े के युवा अपने करतब दिखाते हुए चल रहे थे।



पीछे सुसज्जित घोड़ा बग्घी पर भगवान राम जानकी की सजीव झांकी सजाई गयी शोभायात्रा का पग पग पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विहिप के पूर्व केंद्रीय सह मंत्री राजेश तिवारी, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील यादव, विभाग समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना, जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी, जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर झा, बजरंगदल जिला संयोजक जगदीश शाक्य, जिला समरसता प्रमुख दिलीप देसाई, जिला सह सेवा प्रमुख झगडू महाराज, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सत्यम दुवे बावली, जिला गौरक्षा प्रमुख रविन्द्र ठाकुर, त्योंदा प्रखंड अध्यक्ष सतीश दुबे, प्रखंड मंत्री गौरव पटेल, प्रखंड संयोजक आयुष शर्मा, जगदीश गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलश यात्रा निकाली गई

त्योंदा। रविवार को ग्राम खामखेड़ा में भगवान की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर गांव का भ्रमण करते हुए पुनः हनुमान मंदिर से लौटकर श्री राम जानकी मंदिर पर पहुंची। जहां उसका विधिवत समापन किया गया। कलश यात्रा में ढोल, बाजों के साथ डीजे पर चल रहे भजनों पर समस्त ग्रामीण झूमते और रामधुन करते नजर आऐ। इस मौके पर पंडित लक्ष्मी प्रसाद महाराज, नत्थू सिंह, पूर्व सरपंच रामबल सिंह, पूर्व सरपंच रामबाबू पटेल सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।



### मांस विक्रेताओं को दिए दुकान बंद रखने के निर्देश

**गंजबासौदा।** शासन के निर्देश पर नपा के स्वास्थ्य अमले ने 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कारण नगर के मांस विक्रेताओं को अपनी-अपनी दुकान बंद रखने के निर्देश दिए। एसडीएम विजय राय, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सीएमओ पवन शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य अमला वार्ड नंबर 1 मछली मार्केट, वार्ड 8 बस स्टैंड, वार्ड 14 , वार्ड 19 एवं वार्ड 23 पहुंचा। जहां मांस विक्रेताओं को सोमवार को अपनी दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए।

### स्कालर्स पब्लिक स्कूल में लघु नाटिका प्रदर्शित



**गंजबासौदा।** अनंत कोटि ब्रम्हांड नायक प्रभु श्रीराम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमावार को अयोध्याधाम में संपन्न होगा। परंतु इसकी खुशी देश के हर नागरिक को है। इसी तारतम्य में स्कॉलर्स पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल पचमा रोड में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा स्वागत गीत के उपरांत भगवान राम के प्रथम भक्त हनुमान द्वारा अपना सीना फाड़कर राम सीता और लखन की छवि प्रदर्षित कराई गई। इसी क्रम में छात्राओं द्वारा रामचरितमानस पर आधारित रामजीवन की गाथा लघु नाटिका के रूप में प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य राहुल पणिकर द्वारा छात्रों को प्रभु श्री राम के चरित्र के बारे में अवगत कराते हुए उनके जैसा आचरण जीवन में अपनाने की सीख दी गई।



## खबर संक्षेप

### चित्रगुप्त मंदिर में आज 501 दीप जलाए जाएंगे होगा राम भजन

**विदिशा।** आज अयोध्या में होने वाली भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही शेरपुरा स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में 501 ज्योति दीप जलाए जाएंगे। वहीं मंदिर में नव निर्मित चित्रांश लालबहादुर शास्त्री मंच का लोकार्पण भी किया जाएगा। नवीनीकरण कार्य के दान दाताओं का सम्मान होगा। इसी के साथ राम भजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। आतिशबाजी के साथ भगवान राम की आरती की जाएगी। कायस्थ सभा के उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया की यह सभी कार्यक्रम आज सोमवार दोपहर 3 बजे से 6 बजे के बीच होंगे।

### मुक्तिधाम में जलेंगे दीप

**विदिशा।** शहर के एक मात्र मुक्तिधाम में आज दीप जलाए जाएंगे। मुक्तिधाम के संपूर्ण परिसर को दीपावली के अवसर पर रोशनी और दीप मालाओं से सजाया जाता है। आज शाम को मुक्तिधाम को भी दीपों से रोशन किया जाएगा।

### आज निकलेगी हिउस की संकीर्तन यात्रा

**विदिशा।** हिंदू उत्सव समिति द्वारा आज दोपहर 12:30 बजे माधवगंज स्थित राधा कृष्ण मंदिर से संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी। जो मुख्य मार्गो से होते हुए रामलीला प्रांगण पहुंचेगी। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी ने सभी सनातनियों से संकीर्तन यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### दवा विक्रेता आतिशबाजी कर करेंगे आरती

**विदिशा।** पुराने हॉस्पिटल रोड के दवा व्यापारी और डॉक्टर्स द्वारा रामलला की प्रतिष्ठा के उपरांत भव्य आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 1 बजे आतिशबाजी के साथ भव्य आरती एवं प्रसादी वितरण होगा।

### संकल्प दिवस और पुरस्कार वितरण आज

**विदिशा।** आज सोमवार को प्रतिभा विकास संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष बाबूलाल आर्य की पुण्य तिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाई जाएगी। प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। दान में प्राप्त क्लास रूम और कार्यालय फर्नीचर का लोकार्पण भी होगा। कार्यक्रम पूरनपुरा स्थित संस्थान के नव निर्मित भवन में सुबह 8:30 बजे से शुरू होगा। जिसमें व्यापार महासंघ के पूर्व महामंत्री घनश्याम बंसल, समाजसेवी अनिल मेहरा मौजूद रहेंगे। मुख्य वक्ता गोविंद सक्सेना रहेंगे। यह जानकारी सचिव केएन गुप्ता ने दी।

### दिव्यघोष के साथ जैन समाज बांटेगा मिठाई

**विदिशा।** शताब्दियों की प्रतिक्षा के बाद आयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। इस उपलक्ष्य में जैन महिला मंडल किलाअंदर की महिलाओं द्वारा माधवगंज चौराहे पर दोपहर 1 बजे दिव्यघोष किया जाएगा। जैन गुरुवर सेवा समिति की ओर से मिष्ठान वितरण होगा। जिला जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया स्थानीय जैन भवन किरी मोहल्ला में समाज के वरिष्ठ जनों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को भव्य रूप देने पर चर्चा की गई।

### अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया

**हैदरगढ़।** अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम चीकली में बालिकाओं द्वारा अखंड रामायण पाठ रामजानकी मंदिर में किया गया। अखंड रामायण का पाठ में सरपंच सुखेंद्र सिंह किरार, संजेश पटेल, मंदिर पुजारी देवेंद्र धाकड़ व समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### 2 घंटे के भीतर 30 यूनिट रक्तदान किया

**विदिशा।** अयोध्या में रामलला की स्थापना को लेकर रघुवंशी युवा शक्ति संगठन के सदस्य ने सोमवार को रघुवंशी धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। समिति के पदाधिकारी हितेंद्र रघुवंशी ने बताया कि रामलला की लंबे संघर्ष के बाद स्थापना होने जा रही है। उसी को लेकर रघुवंशी समाज के युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर 2 घंटे के भीतर 30 यूनिट के लगभग रक्तदान किया।

---

### रामलीलाः आधा दर्जन से अधिक बैंड और ढोल ताशों के साथ निकली बारात

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बारात में शामिल हुआ शहर

### दूल्हा बने श्रीराम का जगह-जगह स्वागत, नारों से गूंजा बाजार, स्टेशन से बड़ा बाजार पहुंचने में लगे 3 घंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रामलीला मेला परिसर से रविवार को राम बारात निकाली गई। मेला परिसर से शाम को शुरू हुई राम बारात देर रात को रामलीला मेला परिसर पहुंचे। माधवगंज से निकासा तक पहुंचने में ही राम बारात को करीब तीन घंटे का समय लगा। करीब एक किमी लंबी राम बारात में कई बैंड सहित, ढोल, ताशे शामिल रहे। दूल्हा बने भगवान राम का तिलक करने के लिए बाजार में हर कोई उत्साहित था।

राम बारात को देखने के लिए बाजार में व्यापारी और रहवासी घंटों तक इंतजार करते रहे। जैसे ही बारात बाजार में पहुंची तो पूरा बाजार भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। भगवान राम के धार्मिक गीत सुनकर हर कोई जय श्रीराम के जयकारे लगा रहा था। रास्ते में जगह जगह व्यापारियों ने दूल्हा बने भगवान राम को तिलक लगाकर आरती उतारी। पूरा शहर राममय नजर आया। भव्य राम बारात में पात्रों के साथ रथों, विमानों, पालकी पर बाराती निकली। जबकि राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न चारों भाई एक साथ चार घोड़ों पर सवार होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकले। बारात देर रात को रामलीला परिसर पहुंचेगी, जहां विवाह की रस्में पूरी की गईं।



विदिशा। शाम पांच बजे शुरू हुई राम बारात रात करीब नौ बजे से बाद रामलीला मेला परिसर पहुंचे। जहां भगवान राम के विवाह की रस्में पूरी की गईं।

### भगवान श्री राम के 35 फीट के चित्र का करेंगे पूजन, 40 फीट की फूलों की माला पहनाई जाएगी

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामजी की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में छोटा सर्राफा एसोसिएशन द्वारा लोहा बाजार में आज शाम 7.30 बजे भगवान राम के 35 फीट के चित्र की पूजन जमीन से 50 फीट ऊपर भगवा ध्वज के बीचों बीच किया जाएगा। भगवान राम के चित्र को 40 फीट की फूलों की माला पहनाई जाएगी। 55 फीट ऊपर से श्रीराम जी के ऊपर फूल बरसाए जाएंगे। 50 फीट ऊपर से राम भक्त हनुमान जी हवा में उड़ते हुए श्रीराम की सेवा में रहेंगे।

### रामलीला में आज होगा लेजर शो, 40 जवान तैनात

आज अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर विदिशा की रामलीला में लेजर शो होगा। अधिक भीड़ होने पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले में निरीक्षक स्तर के अधिकारी के साथ-साथ 40 जवानों का पुलिस बल तैनात रहेगा। पूरे शहर में चल रहे धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ ऐतिहासिक रामलीला में आने वाली भीड़ और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी व्यवस्था की गई है। सीएसपी राजेश तिवारी और कोतवाली थाना टीआई आशुतोष सिंह ने बताया कि राम बारात में सुरक्षा के सभी इंतजामत किए गए। आज रामलला की स्थापना के मौके पर रामलीला में लेजर शो होगा। जिसको देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है।

---

# पैसों के लेन देन को लेकर शराब ठेकेदार ने दागी गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार की देर रात को पठारी थाना अंतर्गत ग्राम भाल बामौरा चौराहे पर स्थित शराब की दुकान पर रुपयों के लेनदेन को लेकर शराब ठेकेदार ने फायरिंग कर दी।

थाना प्रभारी बबीता चौधरी से मिली जानकारी के अनुसार भाल बामौरा चौराहे पर स्थित शराब की दुकान पर राजेंद्र द्विवेदी बैठे हुए थे तभी संजू रघुवंशी नरेश शर्मा एवं दो अन्य साथियों के साथ आए और गाली गलोज एवं धमकी देने लगे और बाद में विवाद इतना बढ़ गया कि संजू रघुवंशी ने दुकानदार पर गोली चला दी। जिसमें वह बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि संजू रघुवंशी एवं भाल बामौरा चौराह की शराब दुकान के ठेकेदार मोहित मीणा का रुपयों के लेनदेन को लेकर पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। राजेंद्र द्विवेदी की शिकायत पर आरोपी संजू रघुवंशी नरेश शर्मा एवं दो अन्य पर मामला दर्ज किया गया है।

# रामलला को समर्पित रही उदयगिरि परिक्रमा, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उदयगिरि परिक्रमा रविवार को पुत्रदा एकादशी के पर्व पर रामलला को समर्पित रही। भक्तों द्वारा पूरे समय राम नाम का संकीर्तन किया गया। तेज ठंड के बावजूद सुबह 8:30 बजे वेंकटेश बालाजी मंदिर का पूजन अर्चना कर परिक्रमा प्रारंभ हुई। जो मां वेत्रवती के विभिन्न घाटों पर मंदिरों का दर्शन करते हुए महल घाट पर पौधरोपण किया।

त्रिवेणी घाट पर जाकर भगवान की पूजा अर्चना की। इसके बाद उदयगिरि का परिक्रमा कर चरण तीर्थ होते हुए श्री वेंकटेश बालाजी मंदिर पर आकर परिक्रमा समाप्त हुई। परिक्रमा पूरी तरीके से राम मय रही। इसमें मुख्य रूप से राजकुमार राय, रवि चतुर्वेदी, सौरभ टंडन, दिनेश कुशवाह, विमलेश सक्सेना, सरदार कुशवाह, रघुवर दयाल उपाध्याय, सरपंच सोनू कुशवाह, हर प्रसाद, नेतराम, चेतन चौहान, सुनील नामदेव, नरनारायण शर्मा, चंदन कुशवाह, भुजबल विश्वकर्मा, गजेंद्र प्रताप सिंह, सुदर्शन महाराज, हल्के पटेल, मनीष शर्मा, रुपेश सोनी, रजनीश समाधिया आदि लगभग 1 हजार भक्तों द्वारा परिक्रमा की गई। यह जानकारी मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा के अध्यक्ष एवं परिक्रमा के प्रधान संचालक पंडित संजय पुरोहित ने दी।

---


# मंदिरों, दुकानों पर हुई सजावट, दीपावली जैसा दृश्य, आज रामलीला मैदान में होगा आयोजन

### जलेगी विराट रामज्योति, 11 हजार दीपों से जगमग होगा प्रांगण, कारसेवकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर के धार्मिक, सामाजिक संगठनों में भारी उत्साह बना हुआ है। पिछले दो दिनों से नगर के प्रमुख मार्गों, प्रतिष्ठानों और प्रमुख मंदिरों, घरों पर सजावट से दीपावली जैसा दृश्य बना हुआ है। रविवार को दिन भर नगर में जमकर फटाके फूटते रहे। मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। नगर मे प्रातः प्रभातफेरी भी निकाली गई।

नगर के हनुमान गढ़ी मंदिर की विद्युत सजावट किए जाने के साथ आज 1100 दीपक जलाने, घोघरा मैया की महाआरती के साथ प्रसादी वितरण होगा। शक्तिधाम मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, रामलीला मैदान स्थित श्रीराम जानकी मंदिरो की विद्युत सजावट के साथ दीपोत्सव के कार्यक्रम होंगे। संकट मोचन



मंदिर पर खीर की प्रसादी का वितरण होगा, रामलीला मैदान में 11 हजार दीपों से मंदिर प्रांगण रोशन होगा। हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ, आतिशबाजी होगी। इसी के साथ 108 लीटर तेल की श्रीराम ज्योति जलेगी। कार सेवकों का सम्मान होगा।

#### एक शाम श्रीराम के नाम

रामलीला मैदान में स्थानीय एवं बाहर से आए आमंत्रित कलाकारों द्वारा श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पावन पर्व पर एक शाम श्रीराम के नाम कार्यक्रम में संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। संपूर्ण नगर की विद्युत सजावट के साथ दुकानों, मार्गो, घरो पर केशरिया ध्वज पताकाए लहरा रही है।

#### छींदधाम में दीपोत्सव भंडारा

संपूर्ण नर्मदा क्षैत्र में ख्याति प्राप्त हनुमान मंदिर, छींदधाम एवं श्रीराम दरबार मंदिर को आकर्षक विधुत सजावट किए जाने के साथ आज श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर अयोध्या कार्यक्रम का बडी एलईडी पर सीधा प्रसारण किए जाने के साथ सुबह 10 से रात्रि 10 बजे तक सुन्दरकांड का पाठ, भंडारा, 11 सौ दीप मंदिर एवं प्रांगण में जला कर दीपोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी छींदधाम सेवक ने सभी धर्मप्रेमियों से कार्यक्रमों में उपस्थित होने की अपील की है।

### आयोजन समिति का गठन, बंसल संयोजक और पुरोहित अध्यक्ष बने

**विदिशा।** नोबेल पुरुस्कार के सम्मान से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के प्रशंसकों की तरफ से उनके जन्मदिन पर लगातार एक महीने तक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके तहत एक समिति का गठन किया गया है। समिति की तरफ से कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। डॉ राजेश बंसल को संयोजक, अनिल परोहित को अध्यक्ष और डॉ सुनील किरार को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा समिति में डॉ केतन मेहरा, डॉ सौरभ दीक्षित, डॉ अशोक राजपूत, कैलाश चौहान, ब्रह्मासिंह वर्मा, राकेश ठाकुर, उमेश शर्मा, अनिल वर्मा, रवि उपाध्याय, पीएन आर्य, आरती मेर, एडवोकेट शबनम खान को शामिल किया गया है। समिति की तरफ से ठंड में कम्बल वितरण, स्वास्थ्य परिक्षण शिविर आदि आयोजित किए गए।

### गौ सेवकों ने गौशाला में कराया सुंदरकांड

**विदिशा।** गौ सेवकों द्वारा भगवान राम की स्थापना के मौके पर सरकार का ध्यान गौशाला पर दिलाने के उद्देश्य से बिट्ठल नगर स्थित घायल गायों के वार्ड में सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गौ सेवक शामिल रहे। गौसेवक अंशुल शर्मा, रूपेश चौकसे ने बताया की घायल गायों के लिए एक वार्ड संचालित किया जा रहा है। लंबे समय से गौ अस्पताल के निर्माण के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### आज गुरूकुल स्कूल में श्रीरामोत्सव का शुभारंभ करेंगे ब्रह्मचारी महाराज



**बरेली।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था गुरूकुल सीबीएसई स्कूल में अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नगर के गुरूकुल स्कूल में श्रीरामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ पू. ब्रम्हचारी जी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि नरेन्द्र शिवाजी पटैल राज्यमंत्री लोक स्वा. एवं परिवार कल्याण म.प्र., एवं नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी रहेंगे। पू. ब्रम्हचारी जी के आशीष वचनों के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा भजन संध्या के गीत, संगीत, भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। गुरूकुल स्कूल संचालक प्रशान्त राठी एवं राठी परिवार ने सभी से 22 जनवरी की शाम को होने वाले श्रीरामोत्सव कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### स्वयंसेवक संघ ने एसएटीआई कॉलेज से निकला पथ संचलन



विदिशा। अयोध्या में भगवान राम की स्थापना को लेकर विभिन्न संगठन अपने स्तर पर विभिन्न आयोजन कर रहे हैं। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन निकाला। रविवार दोपहर एसएटीआई कॉलेज से प्रारंभ हुआ पथ संचलन ओवरब्रिज, नीमताल, तिलक चौक, माधवगंज, हॉस्पिटल रोड होकर वापस एसएटीआई कॉलेज में संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस की सभी स्थानों पर चाक-चौबंद व्यवस्थाएं रहीं।

# महलघाट सेवा समिति के सदस्यों ने पीली कनेर, पारिजात के 21 पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

महलघाट स्थित मंशा पूरण हनुमान मंदिर परिसर में महलघाट सेवा समिति के सदस्यों द्वारा पीली कनेर और पारिजात के 21 पौधे लगाए।

महलघाट सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि पुत्रदा एकादशी और अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महलघाट सेवा समिति के साथियों ने इस संकल्प के साथ, पीली कनेर और पारिजात के 21 पौधों को परिसर में लगाये हैं। इन पौधों में फूल आने पर उन फूलों को लेकर महलघाट के साथी प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाकर भगवान राम लला के चरणों में अर्पित कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पदमसिंह बघेल,




दीनदयाल शर्मा, हुकुमचंद शर्मा, करण राजपूत, संतोष नेमा, रविकांत नामदेव, सुरेंद्र शर्मा, शिवेंद्र शर्मा ,विवेक श्रीवास्तव ,गजेंद्र सिंह झाला, सोनू चक्रवर्ती, प्रतीक चतुर्वेदी, गौरव सेन, नीतेश राजपूत, आशुतोष पुरोहित, मयंक शर्मा, रूद्रेश शर्मा, मोहन गोस्वामी, वीर भैया और शिवाभैया उपस्थित रहे।

---

# नवनिर्मित यज्ञ शाला का आज शुभारंभ व आर्य समाज के वार्षिक उत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

आर्य समाज द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वी जयंती के उपलक्ष में 17 से 22 जनवरी तक आर्य समाज के वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है। रविवार को कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे एवं अखिलेश साहू (आईईएस) मुख्य महाप्रबंधक इरकान (रेल मंत्रालय) कटनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वेद मंदिर आर्य समाज कुरवाई में नगर के प्रतिष्ठित साहू परिवार के द्वारा अपने पिता कि लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय राजाराम साहू (आर्य) एवं माता स्वर्गीय काशीबाई साहू की स्मृति में नवनिर्मित विशाल यज्ञशाला का शुभारंभ अयोध्या धाम में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 22 जनवरी के अवसर पर होगा। इस अवसर पर प्रसिद्ध उपदेशक चंद्रदेव शास्त्री जी सुप्रसिद्ध भजन उपदेशक श्रीमती रिचा शास्त्री, तथा वैदिक विद्वान आचार्य विवेक शास्त्री आगरा के प्रवचनों का से नगर के लोगों को वैदिक ज्ञान प्राप्त होगा। आर्य




समाज कुरवाई के अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि आर्य समाज कुरवाई के पूर्व संरक्षक स्वर्गीय राजाराम साहू एवं उनकी धर्मपत्नी स्व श्रीमती काशीबाई साहू की स्मृति में साहू परिवार के द्वारा बनवाई गई नवनिर्मित यज्ञशाला भवन का शुभारंभ 22 जनवरी को होने जा रहा है। प्रतिदिन प्रात 9 बजे से 11:30 तक वेद मंत्रों से आहूतियां दी गई। इस अवसर पर वैदिक विद्वानों के प्रवचन एवं भजन भी हुए सायंकालीन कार्यक्रम में 7 से रात्रि 10 बजे तक भजन एवं प्रवचन का लाभ जनमानस को मिला।

# आखरी ओवर में जीती झांसी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कनारा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 54 वें कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो मुकाबले खेले गए। मैच से पहले नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा, सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा और भाजपा नेता मनोज कटारे द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

पहले मैच में झांसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। कनारा की ओर से सलामी बल्लेबाज अनुपम टोपो 43 गेंद पर शानदार 72 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने चार छक्के, पांच चौके लगाए। टोपो के 72 और पार्थ के 20 की रन की बदौलत कनारा ने 17 ओवर में 6 विकेट खोकर 115 रन बनाए। झांसी की ओर से धर्मेंद्र सिंह



ने शानदार गेंदबाजी की उन्होंने चार ओवर में चार विकेट लिए। इसके जवाब में झांसी की टीम की शुरुआत में तेज गेंदबाज विशुद्ध ने दो झटके दिए इसके बाद आकाश की 48 रन की पारी की 17वें ओवर में 116 रन का लक्ष्य पूरा किया। विशुद्ध और अनुपम ने दो-दो विकेट लिए। झांसी के धर्मेंद्र मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मुकाबला फेथ भोपाल और नागपुर के मध्य खेला गया। जिसमें नागपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 126 रन बनाएं। नागपुर की ओर से मोहित ने 40 और दिनेश ने 32 रन बनाए फेथ के तेज गेंदबाज राहुल बाथम ने तीन आकाशदीप ने दो और ऋषभ भंडारी ने तीन विकेट लिए। इसके जवाब में फेथ क्लब ने अंकुश सिंह के शानदार 66 रन की बदौलत 18 ओवर में 126 रन का लक्ष्य प्राप्त किया राहुल गौतम ने 27 रन का योगदान दिया।

दोहरे प्रदर्शन के लिए राहुल बाथम मैन ऑफ द मैच रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कृष्ण पाल सिंह (राजा) और प्रतीक कोहली द्वारा दिया गया। विदिशा टीम के ओनर विनय गुप्ता झांसी के ओनर नरेश जैन फेथ के ओनर गोलू चौधरी व नागपुर के ओनर शैलेश अग्रवाल की उपस्थिति रही। खराब मौसम के चलते पहला मैच 17-17 ओवर्स का हुआ।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आप मीराबाई वेवा गोपाल प्रसाद जात राठौर निवासी बजरिया विदिशा से उनके स्वत्व व आधिपत्य का एक दो मंजिला मकान गाटर्र फर्सी का जो नगर पालिका सीमा अंतर्गत वार्ड नं. 15 बजरिया तोपपुरा रोड विदिशा में स्थित जिसके प्लाट का क्षेत्रफल 805 वर्गफिट है जिसकी चतुरी सीमाये निम्नानुसार है पूर्व में- बजरिया रोड पश्चिम में- गणेश मंदिर, उत्तर में- रामरतन यादव, दक्षिण में- देवेन्द्र राठौर है। जिसे मेरे पक्ष ने क्रय करने का अनुबंध कर लिया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी है एवं शीघ्र ही उक्त मकान का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार द्वारा संपादित करा लिया जावेगा। इस जाहिर सूचना द्वारा सर्वसाधारण व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि संस्था, या अन्य कोई व्यक्ति अपना हित या आपत्ति रखते हों तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित में दर्ज करा सकते है वाद गुजरने म्याद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति किसी व्यक्ति, संस्था सहकारी संस्था या अन्य की मान्य नही होगी। अतः सूचित हो।

भवदीय
**मेहनसिंह जाट (एडवोकेट)**
अरिहंत विहार कालोनी फेस-1
विदिशा म.प्र.
मो.नं. 9826883879

# रायसेन शहर में लगातार सर्दी का दौर जारी लोग अलाव का सहारा लेते आए नजर...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सर्दी के मौसम में लगातार चड़ाव उतार बना हुआ है सर्दी के मौसम में लोग अपने घरों में ही आग जलाकर ताप रहै। सुबह-सुबह देखा तो पेड़ पौधों पर पानी की बूंदे जमी हुई नजर आयी शहर में बीते दिनों से मौसम में चाढ़व उतार बना हुआ है कभी हल्की बरिश तो कभी कोहरा सर्द हवाएं चल रहीं है।

लोगों को तेज ठंड का सामना करना पड़ रहा है,और तेज ठंड व कोहरे में रोड पर सफर करने वाले लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बूंदाबांदी भी हो रही है। जो लोग सुबह जल्दी काम पर जाते हैं वे लोगों को सबसे ज्यादा ठंड से परेशानी हो रही है क्यो कि एक तो तेज ठंड का प्रकोप और दूसरी तरफ अगर किसी को काम करते समय सर्दी में थोड़ी सी भी चोट लगती हैं तो वह भी बहुत अधिक दर्द करती हैं और अगर गरीब व्यक्ति ठंड में काम पर ना जाये तो वह अपने परिवार को कैसे पालेगा इसलिए मजबूरी में व्यक्ति सर्दी में भी काम पर जाता है। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग गरम कपड़ों से दिन को भी लिपटे नजर आ रहे हैं। घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को आवागवन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कड़ाके की ठंड से बचने अलाव का सहरा लेते नजर आए लोग

**सिलवानी**। लगातार कोहरे एवं ठंड से जिला ठंड की चपेट में है। हालात ये है कि बुजुर्गों एवं बच्चों को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। ठंड के कारण लोग परेशानी महसूस कर रहे हैं वहीं दलहन एवं तिलहन फसलों को भी नुकसान होने की उम्मीद मानी जा रही है।

किसान भी अब चिंतित हो गए हैं कि हमारी उपज की फसल पर ठंड कहर बरपाकर न आए। किसानों सहित आम जनता ठंड की चपेट में परेशानी महसूस कर रहे हैं। देखा जाय तो सुबह से घना कोहरा छाए रहने से जन जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को आवागवन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन का तापमान गिरने से दिन में भी लोगों को ठिठुरन भरी गलन का एहसास हो रहा है। बीते एक हफ्ते से से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। एकाएक ठंड बढ़ जाने से सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। सुबह घने कोहरे के कारण सड़कों पर पास खड़े लोग भी दिखाई नहीं देते। सैर सपाटे के लिए निकले लोगों को कोहरे के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग गरम कपड़ों से दिन को भी लिपटे नजर आ रहे हैं। विद्यार्थियों साथ ही कार्यालयीन कर्मचारी अपने रोजमर्रा के कार्यों को कड़ाके की ठंड के बीच मजबूरी में निपटाते नजर आ रहे हैं।

### हादसों का बना डर, विभाग नहीं करता कार्रवाई

# नाबालिग दौड़ा रहे तेज रफ्तार से वाहन, ताक पर रखे नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में यातायात नियमों का हर दिन उल्लंघन हो रहा है। यह नजारा मात्र नगर के व्यस्ततम क्षेत्र बजरंग चौराहा व गांधी चौक का नही है। बल्कि नगर की गलियों में भी है जहां स्टाइलिश बाइक पर युवा रेसिंग लगाकर अपनी जान के साथ साथ आमजनता को भी मुसीबत में झोंक रहे है।

वाहनों की बेलगाम गति और नाबालिग 12 से 16 वर्ष के बच्चे दोपहिया पर तीन, चार सवारी के साथ लापरवाही पूर्वक वाहन दौड़ा रहे है। इतना ही नहीं नगर में सैकड़ों वाहन तो ऐसे भी है जिनकी नंबर प्लेटों पर नंबर तक अंकित नहीं है जबकि स्टाइलिश बाइक पर नियम के विरूद्ध नंबर लिखवाए गए है। खास बात यह है कि इन सभी स्थितियों से संबंधित विभागों के आला अफसर भी भली-भांति परिचित है, किन्तु यातायात नियमों को तोड़ने वालों पर कोई कठोर कार्रवाही नहीं की जा रही है। लिहाजा नियमों के उल्लंघन का सिलसिला खुलेआम होते देखा जा सकता है।



फाइल फोटो

### जोखिम बना सफर

नगर में यातायात नियम का उल्लंघन किस कदर किया जा रहा है इसका उदाहरण सागर, बरेली, उदयपुरा मार्ग पर ओवर लोड भागते यात्री वाहनों को देखकर आसानी पूर्वक लगाया जा सकता है। नियम और क्षमता के विपरीत यात्रियों को बैठाकर चालक मुसाफिरों के लिए सफर जोखिम बना देते है। स्थिति तो कई बार ऐसी भी देखी जाती है जब चालक तीन से चार यात्रियों को वाहन के पायदान पर लटकाकर उनकी जान से खिलवाड़ करते नजर आते है। वाहन चालकों द्वारा यात्री वाहनों में क्षमता से कई अधिक सवारियां बिठाकर उनकी जान के साथ भी खेल रहे है, लेकिन इन से अनभिज्ञ बना बैठा परिवहन एवं यातायात विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता है। बस वसूली करना होती है तो सड़कों पर कार्रवाई करते दिख जाते है, लेकिन इन्हें लोगों की जान खतरे में डाल कर संचालित कर रहे वाहन चालकों से कोई लेना देना नहीं है।

### बाइक की गति पर नहीं ब्रेक

*युवाओं के हाथों में बाइक आते ही वे हवा से बातें करने लगते है यानि फैशन और दिखावे में युवा अंधाधुंध गति से वाहनों को चलाते है। मुख्य सड़क हो या ट्राफिक वाली जगह यहीं हाल नगर में देखने को मिलता है। इन हवाबाज चाल1कों में युवाओं से ज्यादा नाबालिग बगों की संख्या शामिल है जो स्टाइलिश वाहनों पर सवार होते ही गति पर नियंत्रण खो देते है। इससे कई बार आमजनता मुश्किलों में पड़ जाती है।*

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को नगर परिषद करेगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर परिषद सिलवानी अपने सामाजिक सराकरो के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालो को गणतंत्र दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में सम्मानित करेगी। नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने बताया कि नगर परिषद गणतंत्र दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन कर रही है। इस आयोजन में वीरता, सामाजिक समरसता, देश भक्ति, समाजसेवा, पर्यावरण क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वालो को सम्मानित किया जाएगा।

नप ने मोबाईल नंबर जारी कर नागरिको से उक्त क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालो की जानकारी देने का आग्रह किया है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर जारी कर नागरिको से प्रतिभाओ की जानकारी देने व उन्हे यथा योग्य सम्मान दिलाने में सहयोग करने की अपील की है। ज्ञात रहे कि नगर परिषद के द्वारा गणतंत्र दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाकर विभिन्न क्षेत्रो में श्रैष्ठ कार्य करने वाली प्रतिभाओ का सम्मान किया जाता है।

# भगवा रंग में रंगा रायसेन

### *शहर के विभिन्न स्थानों पर आज होंगे आयोजन, तैयारी जोरों पर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रायसेन शहर में हर्ष उल्लास और उत्साह का माहौल है। पूरा शहर दिवाली की तरह सजकर तैयार हो गया है। शहर की सड़कें भगवा झंडों और पताकाओं से सजाई गई हैं। घरों से लेकर मंदिर और शासकीय कार्यालय पर भी विद्युत रोशनी से रोशन हो रहे हैं।

शहर में हर जगह भगवान श्री राम के जयकारे लगाए जा रहे हैं।



रविवार को जिले के सभी मंदिरों में विशेष सजा सज्जा के साथ कई धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं। लोगों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। शहर के बाजारों में भगवा झंडे, दीप,और पटाखे की दुकानों पर बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

### कल 22 जनवरी को यह होंगे आयोजन

22 जनवरी सोमवार को सुभाष है लेकर रात कई धार्मिक आयोजनों के साथ राम दिवाली मनाई जाएगी। शहर के मिश्र तालाब पर 11000 दीप जलाए जाएंगे वहीं भारत माता चौराहे पर श्री रामचरण ट्रस्ट द्वारा एक क्विंटल देसी घी के लड्डुओं का वितरण किया जाएगा।

# गैस की किल्लत से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

रसोई गैस की किल्लत से बाड़ी सहित आसपास ग्रामीण अंचल के उपभोक्ता बेहद परेशान है। स्थानीय वितरक के कार्यालय मैं अव्यवस्था का बोलबाला है, खाद अधिकारी से लेकर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी से आंखें मूंदे बैठे हैं ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के हजारों रसोई गैस उपभोक्ता पिछले कई दिनों से अपने काम-धंधे छोड़कर रसोई गैस रिफिल प्राप्त करने के लिए सुबह से वितरक पुष्कर इण्डेन के कार्यालय पर पहुंच रहे हैं उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर घंटों वितरक के कार्यालय में खड़े होकर फिल करने की प्रतीक्षा करने सहज देखे जा सकते हैं उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब तक नहीं मिल पा रहा है।



वितरक के कर्मचारी आकोषित उपभोक्ताओं की कभी ट्रकों की हड़ताल का हवाला दे रहे हैं तो कभी प्लांट से रसोई गैस सिलेंडर की अनुपलब्ध का बहाना बताया जा रहा है। नियम अनुसार वितरण को घर पहुंच सुविधा प्रदान करना है परंतु वितरक के गोदाम से सिलेंडर वितीत किया जा रहे हैं। वितरक कार्यालय में लगे बोर्ड पर इंडियन ऑइल कॉरपोरेशन के विक्रम अधिकारी का मोबाइल नंबर 9425383625 लिखा हुआ है। परंतु जब इस नंबर पर संपर्क साधा जाता है तो सूचना मिलती है कि उक्त मोबाइल नंबर सेवा में नहीं है।

एकमात्र रसोई गैस एजेंसी होने से वितरक की मनमानी और अव्यवस्था का सिर चढ़कर बोल रही है। उपभोक्ताओं की विवशता है कि रसोई गैस का विकल्प कहलाने वाला केरोसिन के दर्शन दुर्लभ हो गए हैं जलाऊ लकड़ियों का अभाव है। ऐसे में उपभोक्ताओं के समक्ष भोजन पकाने की समस्या हो रही है। वहीं खाद्य अधिकारी जेब गरम कर अपने कर्तव्य की इति थी कर रहे हैं।













